सार-समाचार

ग्रामीण एसपी ने जवानों के साथ सम्पर्क सभा की

कोटा, (निसं)। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने सोमवार को रिर्जव पुलिस लाईन में आयोजित सम्पर्क सभा में पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर समस्याओं के निस्तारण के लिये दिशा निर्देश दिये। साथ ही मौजूद अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को पुलिस की प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान देकर निर्देश दिये कि कोई भी अधिकारी व पुलिसकर्मी ऐसा काम ना करे जिससे पुलिस की छवि धुमिल हो। ग्रामीण एसपी ने कहा कि अधिकारी व पुलिसकर्मी द्वारा गलत आचरण करके पुलिस की छवि को धुमिल करने वालों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नही किया जायेगा। रिजर्व पुलिस लाईन में आयोजित सम्पर्क सभा में सेरीमोनियल परेड का आयोजन किया गया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने सम्पर्क सभा में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रत्येक माह वीसी के माध्यम से मीटिंग लेकर दिशा निर्देश दिये जाते है कि पुलिस अधिकारी व जवान अपना नैतिक व्यहवार आमजन के साथ मधुर रखे। सम्पर्क सभा को संबोधित करते हुए जवानों से कहा कि हमें एकजुट होकर कार्य करना है और किसी भी झूठी अपवाहों पर ध्यान नही देना है। सम्पर्क सभा में ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीना, सहित अन्य पुलिस अधिकारी व रिर्जव पुलिस लाईन ग्रामीण के कर्मचारी व जवान मौजूद थे।

समन्वय समिति की बैठक आयोजित

कोटा, (निसं)। विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा एवं विभागों के आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर वीरेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े प्रत्येक कार्य में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए तथा संपर्क पोर्टल एवं कार्यालयों में प्राप्त प्रत्येक परिवाद का निस्तारण समयबद्ध रूप से नियमों के अनुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागीय कार्यप्रणाली से परिवादी संतुष्ट हों और उन्हें अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही मृत पशुओं के निस्तारण एवं अवैध खनन संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, केडीए सचिव मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी लाडपुरा गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

लायंस क्लब कोटा का सेवा संकल्प-जरूरतमंदों को कंबल वितरित

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा, डिस्ट्रिक्ट 3233ई-2 की ओर से शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए कंबल वितरण सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को 50 कंबलों का वितरण किया गया, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। क्लब अध्यक्ष लायन सोनल नंदवाना ने बताया कि इस सेवा कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 के जिला गवर्नर सुधीर वाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया। जिला गवर्नर का एमजेएफ वीडीजी-2 लॉयन सी.पी. विजयवर्गीय, जोन चेयरपर्सन लायन प्रमोद विजय, लॉयन सुनील आनंद, कैलाश लेखवानी सहित लायंस क्लब कोटा के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर वीडीजी-2 सी.पी.विजयवर्गीय ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का सराहनीय प्रयास हैं। वहीं जिला गवर्नर सुधीर वाजपेयी ने कहा कि सेवा ही लायंस क्लब की पहचान है और ऐसे कार्यक्रम मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्लब सदस्यों से निरंतर सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने का आव्हान किया।

रामगंजमण्डी में 10 दिवसीय इंटर्नशिप ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम

रामगंजमण्डी, (निसं)। श्री हीराभाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में 29 दिसम्बर सोमवार को व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत ट्रेड एएमएचएफ एवं हेल्थ केयर के कक्षा 12 के विद्यार्थियों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप के चौथे दिन में विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। प्रात:काल अल्पाहार उपरांत वाहन द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों पर विद्यार्थीयों ने पहुंच कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। हेल्थ केयर के विद्यार्थी शिवांश अस्पताल, शीला अस्पताल एवं आर के अस्पताल में प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हुए। उन्होंने ब्लड सैंपल लेना, ब्लड टेस्टिंग, सिरिंज भरना, ड्रिप लगाना, सीखा। एएमएचएफ के अन्तर्गत जन सेवा केंद्र मारुति नगर एवं यादव मोहल्ला में बालिकाओं ने लेडीज पैंट, नायरा कट कुर्ता बनाना, सिलाई करना सीखा एवं कक्षा 11 के ओ जे टी के बच्चों को शौकत अली ने लेडीज पैंट एवं कुर्ती काटना सिखाए। इस प्रकार दोपहर के भोजन उपरांत शेष प्रशिक्षण प्राप्त किया व प्रतिवेदन लिखा एवं पुनर्बलन दिया। प्रधानाचार्य गार्गी मेहता द्वारा सभी केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

भवानीमंडी, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के अंतर्गत संस्कार भारती स्कूल में नगर की शिवाजी बस्ती की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्रियान्वयन व आयोजन समिति के साथ समाजजन उपस्थित रहे। बैठक को मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चित्तौड़ प्रांत व्यवस्था प्रमुख त्रिलोक चंद गोयल ने संबोधित किया।बैठक में बस्ती के हिंदू समाज के द्वारा हिन्दू सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें शोभायात्रा को भव्य भव्य बनाने हेतु कलश यात्रा, झांकियां, भजन मंडली, घोड़े, बग्घी इत्यादि की रूपरेखा तय की गई और बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आगामी 18 जनवरी 2026 (रविवार) को तय किया गया। इस आयोजन हेतु समिति के संरक्षक,अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक, कोषाध्यक्ष व प्रचार टोली के साथ सदस्यों की घोषणा की गई। अंत में कार्यक्रम को भव्यता से सफल करने के संकल्प के साथ कल्याण मंत्र द्वारा बैठक का समापन किया गया। यह जानकारी समिति के संरक्षक सीताराम नवाल व अध्यक्ष महेश खंडेलवाल ने दी।

जितेन्द्र लोधा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रदेश मंत्री नियुक्त

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के वर्ष 2025-26 के लिए जितेन्द्र लोधा को एक बार फिर प्रदेश मंत्री के रूप में निर्वाचित किया गया है। यह जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष-मंत्री निर्वाचन अधिकारी सोनू गौतम ने दी। नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री जितेन्द्र लोधा 3 से 5 जनवरी तक बांसवाड़ा में आयोजित होने वाले प्रदेश अधिवेशन में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। प्रदेश मंत्री के रूप में अजमेर से प्रदेशभर की समस्त छात्रशक्ति का नेतृत्व करेंगे। जितेन्द्र लोधा के पुन: निर्वाचित होने से संगठन में उत्साह का माहौल है तथा उनसे प्रदेशभर के विद्यार्थियों की समस्याओं को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाने की अपेक्षा की जा रही है।

कोटा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 04 की ओर वाहन पार्किंग अनुबंध निरस्त

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 04 की ओर स्थित पार्किंग का अनुबंध दिनांक 30.12.2025 को रात्रि 12.00 बजे से आगामी आदेश तक निरस्त कर दिया गया है। यात्रियों को सूचित किया जाता है कि उक्त क्षेत्र में यात्री अपनी जोखिम पर वाहन पार्क करें, जिसके लिए रेल प्रशासन उत्तरदायी नहीं रहेगा। यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या 01 की ओर स्थित पार्किंग व्यवस्था पूर्ववत संचालित रहेगी, जबकि प्लेटफॉर्म संख्या 04 की ओर किसी भी व्यक्ति को पार्किंग शुल्क का भुगतान न किया जाए।

शिविर में 147 नेत्र रोगी लाभान्वित

बूंदी (निसं)। रोटरी क्लब द्वारा जिला अन्धता निवारण समिति एवं नीमच बून्दी आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक नि:शुल्क विशाल नैत्र रोग जांच एवं नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन नीमच बूंदी आई हॉस्पिटल लाइन पुलिस सरदार जी के अस्पताल में किया गया। इस शिविर में 147 रोगियों की जांच की गई।

नैटकॉन में डॉ.मीनाक्षी शारदा को बेस्ट टीचर अवॉर्ड, डॉ. दीपक गुप्ता भी राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत

कोटा, (निसं)। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के 100वें राष्ट्रीय अधिवेशन नैटकॉन-2025 के दौरान कोटा की दो चिकित्सकीय हस्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

- आईएमए के राष्ट्रीय अधिवेशन में कोटा को चिकित्सकों ने गौरवांवित किया, दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले
- नैटकॉन डॉ.मीनाक्षी शारदा को बेस्ट टीचर, डॉ. दीपक गुप्ता को प्रेसिडेंट्स अवॉर्ड

कोटा में चिकित्सक आईएमए के राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित हुए हैं।

यह अधिवेशन 26-28 दिसंबर 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित हुआ।

चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ.मीनाक्षी शारदा को आईएमए की ओर से बेस्ट टीचर अवॉर्ड (क्लिनिकल टीचिंग) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें क्लिनिकल शिक्षण में उनके दीर्घकालिक, समर्पित और प्रभावी योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान न केवल डॉ.शारदा की शैक्षणिक उत्कृष्टता को रेखांकित करता है, बल्कि कोटा के चिकित्सा जगत के लिए भी गर्व का विषय है। इसी अवसर पर डॉ.दीपक गुप्ता को वर्ष 2024-25 के दौरान उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए आईएमए नेशनल प्रेसिडेंट्स एप्रिसिएशन अवॉर्ड (श्रेष्ठ मानद सचिव-स्थानीय शाखा) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारतीय चिकित्सा संघ के प्रति उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक योगदान के लिए दिया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीआई चेयरमैन जय शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप भानुशाली ने की, जबकि आईएमए की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सरबरी दत्ता सहित देशभर से अनेक वरिष्ठ चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कोटा से जुड़े चिकित्सकों को मिले ये राष्ट्रीय सम्मान आईएमए कोटा शाखा और राजस्थान प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माने जा रहे हैं।

जनसहभागिता शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा थाना परिसर में सोमवार को जनसहभागिता शिविर का आयोजन किया गया। जनसहभागिता शिविर को संबोधित करते हुए डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने आमजन से अपने आस-पड़ौस में होने वाले नशा बिक्री के अपराधों में पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन गरूडव्यूह हेल्पलाइन पर शिकायत करने एवं अन्य अपराधों की पुलिस हेल्पलाइन नियंत्रण कक्ष पर सूचना देकर पुलिस का सहयोग देने की बात कही।

डीआईजी ने कहा कि नशे के खिलाफ बिक्री की सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रहती है इसलिये आमजन पुलिस का खुलकर सहयोग कर सकते है। जनसहभागिता शिविर में डीआई राजेन्द्र प्रसाद गोयल, शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने आम जन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसहभागिता शिविर में यातायात समस्या का मुद्दा भी उठा, स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने शिविर में कहा कि बढ़ते ट्राफिक के कारण आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन व दुकानदारों को परेशानी आती है।

इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर में 1720 मरीज लाभान्वित

कोटा, (निसं)। इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद राजस्थान की कोटा इकाई द्वारा विशाल नि:शुल्क इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर रंगविहार स्थित गुप्ता हॉस्पिटल रंगबाड़ी रोड पर आयोजित किया गया। विशाल नि:शुल्क विशाल चिकित्सा शिविर में 1720 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर का आयोजन इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद जयपुर की कोटा इकाई तथा रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के सहयोग से किया गया।

परिषद के संरक्षक डॉ. आर.बी. गुप्ता तथा कोटा संभाग प्रभारी डॉ.शादाब अहमद ने बताया कि इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन संदीप शर्मा विधायक कोटा दक्षिण के द्वारा किया गया। संदीप शर्मा ने कहा कि मेरा सहयोग हमेशा इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को राज्य में बढ़ावा देने के लिए रहा है, यह पद्धति हर्बल है सस्ती सुलभ हैं, और इलेक्ट्रोपैथी की दवाईयों से कोई साईड इलेक्ट नहीं होता है मैं चाहता हूं कि प्रदेश की जनता तक यह आसानी से पहुंचे ऐसा मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा। संदीप शर्मा ने कोटा के सभी इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि आपका इस तरह निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है मैं आपके इस लोक कल्याण कार्य की प्रशंसा करता हूं। शिविर में विवेक राजवंशी पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा तथा राजस्थान रेड क्रॉस सोसाईटी के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला भी उपस्थित रहे। बिरला ने नि: शुल्क चिकित्सा शिविर की प्रशंसा की तथा नि:शुल्क कैंपों में अपना सहयोग देने की बात कही।

इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में कोटा के कई आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ पत्ता सिंह सोलंकी डॉ. के एम गौतम डॉ.दिवाकर शर्मा डॉ. राजेंद्र सिंह सोलंकी डॉ. दीपक आर्य डॉ.राहुल मालवीय मेडिकल कालेज कोटा के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एचओडी प्रोफेसर डॉ निर्मल कुमार गुप्ता डॉ.जी.आर.गिरी डॉ.एम.एल. नागर डॉ.सी.बी.एस. राजावत डॉ. सुनील रावत डॉ.प्रीतम माण्डवत एवं कोटा के जाने-माने कई एलोपैथिक, होम्योपैथी आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा इलेक्ट्रोपैथी को जाना समझा और सराहना की। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में 1720 मरीजों को निशुल्क परामर्श तथा पंद्रह दिन की दवाएं निशुल्क दी गई।

चिकित्सा शिविर में कोटा के वरिष्ठ चिकित्सक ई डॉ महावीर प्रसाद कोटा जिला सचिव, ई डॉ.दुर्गेश नगर कोटा उप जिला सचिव वरिष्ठ चिकित्सक ई डॉ सुल्तान आबिद, ई डॉ.एसपी मिश्रा। ई डॉ.सूरज मालव, ई डॉ.सुरेंद्र सिंह चौहान, ई डॉ. हेमंत सिंह, ई डॉ. दीप सिंह, ई डॉ. रामप्रताप, ई डॉ. रामावतार, ई डॉ. संजय गुप्ता, ई डॉ. रमेश कुमार, ई डॉ.शाकिर मोहम्मद, ई डॉ. सनोबर शेरवानी, ई डॉ.फिजा खान, ई डॉ. मुंशी प्रेमचंद जैन, ई डॉ. बृजेश कुमार, ई डॉ. जी.पी. राजकुमार, ई डॉ.शैलेंद्र पारेता, ई डॉ. योगेंद्र मनी कौशिक तथा अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। अंत में परिषद के प्रदेश संरक्षक डॉ. आर.बी. गुप्ता ने रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री का सम्मान किया और सभी सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

कोटा मंडल को मिला दूसरा गति शक्ति कार्गो टर्मिनल, मांडलगढ़ से खुलेगा नए व्यापार और रोजगार का मार्ग

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में माल ढुलाई अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मांडलगढ़ (एमएलजीएच) स्टेशन पर कोटा मंडल का दूसरा गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) प्रारंभ हो गया है। यह टर्मिनल भारत सरकार के उपक्रम कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित एवं संचालित किया गया है।

मांडलगढ़ में स्थापित यह गति शक्ति कार्गो टर्मिनल लगभग 1,85,771.83 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित किया गया है, जिसे ड्राई पोर्ट के रूप में विकसित किया गया है। इस टर्मिनल पर कस्टम्स से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे निर्यात-आयात से संबंधित गतिविधियों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी। इस टर्मिनल से प्रतिमाह औसतन लगभग 10 माल रेकों के संचालन की संभावना है, जिससे रेलवे को लगभग 2.0 करोड़ रुपये मासिक राजस्व अर्जित होने का अनुमान है। जीसीटी को 35 वर्षों की लीज पर विकसित किया गया है, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक लॉजिस्टिक गतिविधियों को स्थायित्व मिलेगा। मांडलगढ़ जीसीटी के माध्यम से भीलवाड़ा एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादित यार्न (धागा) तथा स्टोन उद्योग से जुड़े माल का परिवहन अब कंटेनरों के माध्यम से सीधे मुंद्रा पोर्ट तक किया जा सकेगा। इससे पूर्व यार्न का परिवहन भीलवाड़ा से जयपुर तक सड़क मार्ग द्वारा किया जाता था, जिससे लागत एवं समय दोनों अधिक लगते थे।

इस नए टर्मिनल के प्रारंभ होने से क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे, स्थानीय व्यापार को रेल आधारित माल ढुलाई का सशक्त विकल्प मिलेगा तथा सड़क मार्ग पर निर्भरता में भी कमी आएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कोटा मंडल का पहला गति शक्ति कार्गो टर्मिनल सुंदलक स्टेशन पर स्थापित किया गया था। मांडलगढ़ में दूसरे जीसीटी की शुरुआत से कोटा मंडल भारतीय रेलवे की गति शक्ति नीति के अंतर्गत लॉजिस्टिक हब के रूप में तेजी से उभर रहा है, जिससे क्षेत्रीय उद्योगों को बेहतर परिवहन सुविधा और रेलवे को स्थायी माल ढुलाई राजस्व प्राप्त होगा।

सीपीआर सेशन आज

कोटा, (निसं)। स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत हार्टवाईज सोसायटी के सेव ए हार्ट प्रोग्राम के तहत 100वां सीपीआर सेशन पुरुषार्थ भवन में मंगलवार को शाम 5 बजे होगा। मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। हार्टवाइज सोसायटी के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने बताया कि टीम हार्टवाइज द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थानों पर पांच ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर (एईडी) लगाने की घोषणा की जाएगी। इसके बाद कोटा देश का ऐसा पहला शहर होगा जहां रोड साईड पर हार्ट अटैक की स्थिति में जीवन बचाने के लिए आमजन ही एईडी से सीपीआर देकर मरीज का जीवन बचा सकेंगे। यह सुविधाएं चिकित्सा संस्थानों में या बड़े कार्पोरेट्स में ही नजर आती हैं, कोटा में पहली बार सार्वजनिक स्थानों पर एइडी लगाई जाएगी। डॉ.गोयल ने बताया कि हृदयाघात के मामले बढ़ गए हैं। प्रारंभिक उपचार के अभाव में लोगों की मौतें हो रही है। ऐसे में सोसायटी की ओर से सेव ए हार्ट सेशन की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य हार्ट अटैक से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। हार्टवाईज के सेव ए हार्ट प्रोग्राम के तहत अब तक 100 सीपीआर सेशन में 20 हजार शहरवासियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

निगम एवं कोटा विकास प्राधिकरण ने अतिक्रमण हटाया

कोटा में अतिक्रमण हटाये गये हैं।

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा के आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि नगर निगम कोटा द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाही के क्रम में सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

जिसके अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तरूण कांत सोमानी के नेतृत्व में जाप्ता प्रभारी संजीव कुमार एवं दस्ता प्रभारी नरेन्द्र शाक्यवाल मय अतिक्रमण टीम व जल सिंह ए.एस.आई यातायात पुलिस एवं सत्यानारायण ए.एस.आई कोटा विकास प्राधिकरण सहित संयुक्त कार्यवाही कर अहलूवालिया मॉल के बाहर व 80 फीट रोड के दोनों तरफ लगे ऑटो-टेम्पो, मोटर व्हीकल, आदि जो कि नॉन पार्किंग जोन एवं मार्ग में खड़े हुए थे उन्हे हटवाया गया एवं उन पर चालानी कार्यवाही भी की गई साथ ही बोरखेड़ा थाना जाप्ता सहित अतिकमएण टीम द्वारा बोरखेड़ा पुलिया के निचे हो रहे अस्थाई अतिक्रमण व अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटवाने की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमीयों को दुबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

सार-समाचार

कोटा में मेडिकल टूरिज्म को विकसित करने की पहल

कोटा, (निसं)। हाड़ौती ट्रैवल मार्ट 2 से 4 जनवरी को कोटा में आयोजित हो रहा हैं। डॉ. समीर मेहता ने होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी से ट्रैवल मार्ट में मेडिकल टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए विशेष आग्रह किया। डॉ. समीर ने बताया कि कोटा में वर्ल्ड क्लास मेडिकल व सर्जिकल सुविधा बहुत ही सामान्य दरों में उपलब्ध है जो की आसपास के राज्यों से बहुत कम हैं। कोटा एक खूबसूरत घूमने लायक शहर के रूप में विकसित हो रहा है और इस का लाभ इलाज करवाने के साथ घूमने का पैकेज बना कर प्रमोट करना मेडिकल टूरिज्म का प्रमुख उद्देश्य हैं। एयरपोर्ट नहीं होने से विदेशी लोग कोटा नहीं पहुँच पाते है पर दिल्ली में मेडिकल टूरिज्म बहुत विकसित है। जयपुर अभी दिल्ली के मुक़ाबले बहुत पीछे है और राजस्थान में एक दो अस्पताल ही अंतर्राष्ट्रीय जेसीआई एक्रिडेशन प्राप्त है जिसमे विदेशी मरीज इलाज करवाने आ सकते है। डॉ.समीर ने ट्रैवल मार्ट में मेडिकल टूरिज्म विकसित करने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र में बड़े अस्पताल के संचालकों से रूपरेखा बना कर इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। सिंगापुर थाईलैंड और साउथ कोरिया मेडिकल टूरिज्म में आज की तारीक में सबसे आगे है। राजस्थान सरकार को इसको प्रमोट करने के लिए निजी क्षेत्र के अस्पतालों के साथ मिल कर विशेष कमेटी बनानी चाहिए और राजस्थान में मेडिकल टूरिज्म को और अधिक सफल बनाना चाहिए।

'वात्सल्य से ही होती है जिन शासन की प्रभावना'

कोटा, (निसं)। श्री दिगंबर जैन मंदिर समिति, महावीर नगर विस्तार योजना के तत्वावधान में गणिनी आर्यिका विभाश्री माताजी एवं गणिनी आर्यिका विनयश्री माताजी (ससंघ, 12 पिच्छी) के मंगलमय सान्निध्य में आयोजित कल्पद्रुम महामंडल विधान का भव्य, दिव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजन जारी है। यह धार्मिक अनुष्ठान संत नामदेव भवन, महावीर नगर विस्तार योजना में आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष पवन ठौला ने बताया कि आयोजन के दौरान प्रतिदिन विधि-विधानपूर्वक महामंडल विधान, पूजन, ध्यान, भक्ति एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। इस अवसर पर तलवंडी जैन मंदिर से विहार कर प्रज्ञा पद्मिनी पट्टगणिनी आर्यिकारत्न विज्ञमति माताजी भी समोशरण में पहुंचीं और श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। अपने प्रवचन में गणिनी आर्यिका विज्ञमति माताजी ने कहा कि श्री साधर्मियों से विसंवाद अथवा विवाद नहीं करना चाहिए, बल्कि आपसी प्रेम और वात्सल्य के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए। नवधा भक्ति पूर्वक किया गया दान सातिशय पुण्य का संचय कराता है। उन्होंने कहा कि भगवान की पूजा तथा साधुओं को आहारदान स्वयं अपने हाथों से करना चाहिए, तभी वह पूर्ण फलदायी होता है। समिति महामंत्री पारस जैन लुंग्या ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत मंगल अभिषेक, शांतिधारा, मंगलाष्टक, सहस्रनाम अभिषेक एवं प्रवचन आयोजित किए जा रहे हैं। विधान का समापन मंगलवार को विश्वशांति महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ होगा।

एस.डी.पी. डोनेट की

कोटा, (निसं)। सेवा के क्षेत्र में समर्पित टीम निरंतर सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि बूंदी निवासी बेबी ऑफ आराधना के जन्म के साथ ही उसकी प्लेटलेट कम हो गई थी, बूंदी में भर्ती होने पर पिता मनु लखोटिया व रिश्तेदार अनिल माहेश्वरी एसडीपी की तलाश में कोटा आए। कई जगह प्रयास किया तो हर जगह टीम जीवनदाता का ही नाम सामने आया। ऐसे में पांच दिन के बेबी के लिए ओ पॉजीटिव की आवश्यकता थी। कॉल किया तो रक्तवीर अरुण विजय को सहज तैयार हो गए और उन्होंने अपना ब्लड सेंटर पहुंचकर 27वीं बार एसडीपी डोनेट की है, वह इससे पूर्व 27 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। अरुण जरूरी मीटिंग में थे, किंतु मासूम का दर्द नहीं देखा गया। अरुण विजय का कहना है कि पूरा परिवार सेवा के लिए समर्पित है, माता, पिता, भाई अतुल विजय सभी सेवा करते हैं और इस कार्य को अपना धर्म समझते हैं। समय रहते जरूरतमंद को एसडीपी उपलब्ध करा दी गई। वर्ष के जाते जाते इस नेक कार्य का अवसर उनके लिए प्रबल भाग्य का प्रतीक रहा, ऐसा मानकर खुशी जाहिर की।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-2807 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-29.12.2025

आवास संख्या 7-डी-26 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री अरविन्द त्यागी पुत्र श्री महावीर प्रसाद त्यागी को किया गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री अरविन्द त्यागी पुत्र श्री महावीर प्रसाद त्यागी की मृत्यु दिनांक 06.05.1997 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण वसीयत नामा के आधार पर दिनांक 15.03.1999 को श्रीमती मन्जू अग्रवाल पत्नी श्री दिनेश अग्रवाल के नाम किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती मन्जू अग्रवाल पत्नी श्री दिनेश अग्रवाल द्वारा दिनांक 31.03.1999 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती मन्जू अग्रवाल पत्नी श्री दिनेश गोयल की मृत्यु दिनांक 30.11.2022 को हो चुकी है। श्रीमती मन्जू अग्रवाल पत्नी श्री दिनेश गोयल द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 08.09.2021 का श्री दिनेश गोयल पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल में आलेखित की गई। श्री दिनेश गोयल पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 7-डी-26 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री दिनेश गोयल पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री दिनेश गोयल पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री दिनेश गोयल पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

MANGALAM CEMENT LTD.

Regd. Office: P.O. Aditya Nagar - 326520, Morak, Distt. Kota (Rajasthan)
CIN: L26943RJ1976PLC001705
Website: www.mangalamcement.com • e-mail: shares@mangalamcement.com

PUBLIC NOTICE-LOSS OF SHARE CERTIFICATES

NOTICE is hereby given that following share certificates issued by the Company are stated to be lost / misplaced and the registered holders thereof have applied to the Company for issue of duplicate share certificate(s):

| Folio No. | Name of the Shareholder or Benefici